
आक्रोश

एनएच 30 पर शव रखकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, मुआवजे की मांग को लेकर हाईवे घंटों रहा बाधित

# तेज रफ्तार हाइवा ने ली मजदूर की जान







**भुआबिछिया, नवभारत।** मोतीनाला थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-30 पर चारटोला के पास सोमवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई, जब स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने रविवार को हुए एक सड़क हादसे में घायल मजदूर की मौत के बाद शव को सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात घंटों बाधित रहा।

जानकारी अनुसार रविवार को मंडला-बालाघाट सीमा पर शर्मा होटल के पास मवई से मंडला की ओर लकड़ी लोड कर आ रहे एक ट्रक को बिलासपुर से जबलपुर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार हाइवा चालक ने लापरवाही पूर्वक ओवरटेक करते हुए जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में ट्रक में सवार तीन मजदूर सड़क पर गिरकर घायल हो गए।

हादसे में झीगरा टोला मझगांव निवासी मजदूर इन्द्रेश पन्द्रे को गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आनन-फानन में जबलपुर रेफर किया गया था, लेकिन बदकिस्मती से रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इन्द्रेश की मौत की खबर मिलते ही सोमवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा।

### मृतक के परिवार को दिया जाए 5 लाख का मुआवजा

ग्रामीणों ने सोमवार सुबह चारटोला में शव को हाईवे पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि हाईवे पर तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही से लगातार हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष मांगें रखीं कि मृतक के पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपए का उचित मुआवजा दिया जाए। लापरवाही वाहन चलाने वाले दोषी हाइवा चालक पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### प्रशासनिक समझाइश के बाद खुला जाम

चक्काजाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार जमना प्रसाद भगत, पुलिस बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों की मांगों को सुना और नियमानुसार उचित मुआवजा दिलाने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया। प्रशासन की लंबी समझाइश के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव को सड़क से हटाकर रास्ता खोला गया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।



# कक्षा 9वीं और 11वीं के टॉपर छात्र हुए पुरस्कृत

उत्कृष्ट विद्यालय भुआ बिछिया का परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**भुआ बिछिया।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में स्थानीय कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम शाला प्राचार्या श्रीमती अरुणा दीक्षित द्वारा घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

बताया गया कि कक्षा ग्यारहवीं में संस्कार यादव ने प्रथम, विवेक सैयाम ने द्वितीय और अंकिता भांसत ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं कक्षा नौवीं में लवलीन कौर प्रथम, सरिता कुशराम द्वितीय और लक्ष्मी नरेती तृतीय स्थान पर रहीं।

परीक्षा परिणाम में कक्षा 11 वीं के संकाय वार परिणाम में विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान संस्कार यादव, द्वितीय स्थान अंकिता भांसत, तृतीय स्थान संजना पट्टा। कला संकाय में प्रथम स्थान धर्मेंद्र यादव, द्वितीय स्थान ऊर्जा वरकड़े, तृतीय स्थान सविता यादव। वाणिज्य संकाय में प्रथम स्थान विवेक सैयाम, द्वितीय स्थान सिशोक धुर्वे एवं संतोष धुर्वे, तृतीय स्थान कमलेश धुर्वे। कृषि संकाय में प्रथम स्थान शिवलाल पट्टा, द्वितीय स्थान शौर्य, तृतीय स्थान कविता परते रही।

शिक्षा के साथ अनुशासन और नियमितता को बढ़ावा देने के लिए कक्षा में अधिकतम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों में मोनिका धुर्वे, आकाश उइके और सरिता कुशराम को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

### नये सत्र में प्रवेश शुरू

प्राचार्या श्रीमती अरुणा दीक्षित ने बताया कि विद्यालय में आगामी सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया 24 से 30 मार्च तक संचालित की जाएगी। नए शिक्षा सत्र की नियमित कक्षाएं 1 अप्रैल से प्रारंभ होंगी। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में पालक, शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वित्तीय साक्षरता जागरूकता बढ़ा रही प्रचार गाड़ी



**बीजाडांडी।** समर्पित संस्था द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी, बीजाडांडी के अंतर्गत ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए एक प्रचार गाड़ी के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेष रूप से ग्रामीण एवं निम्न आय वर्ग के लोगों को बैंकिंग सेवाओं, बचत, डिजिटल भुगतान, बीमा, पेंशन योजनाओं तथा सुरक्षित वित्तीय लेनदेन के प्रति जागरूक करना था।

प्रचार गाड़ी ने विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों का भ्रमण किया, जहाँ ऑडियो संदेशों, पोस्टर, पंपलेट तथा प्रत्यक्ष संवाद के माध्यम से लोगों को वित्तीय जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान नागरिकों को बैंक खाता खोलने, एटीएम एवं यूपीआई जैसे डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। समर्पित संस्था की टीम द्वारा उपस्थित नागरिकों को वित्तीय रूप से सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया गया।

### संजय प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र में जबलपुर से संजय यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्त पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज के साथ सभी जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने का लिया संकल्प

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित



**अंजनिया।** शासकीय उमावि माधोपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम गंगोरा के शासकीय प्राथमिक शाला में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर सामुदायिक विकास, डिजिटल साक्षरता और विकसित भारत की राष्ट्रीय परिकल्पना पर केंद्रित है। शिविर का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत नारा के सरपंच गांधी मरावी एवं शिक्षकों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हितकारी लाल पटेल और एनएसएस प्रभारी राजीव मिश्रा ने स्वयंसेवकों को अनुशासन और सेवा भावना का महत्व समझाया। श्री मिश्रा ने कहा कि ऐसे शिविरों का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूकता पैदा करना है।

**स्वच्छता अभियान के साथ डिजिटल साक्षरता की पाठशाला-** शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सघन सफाई अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया। दूसरे दिन डिजिटल साक्षरता विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। प्राथमिक शाला गंगोरा के शिक्षक विपिन श्रीवास ने छात्रों को डिजिटल उपकरणों के सही उपयोग, इसके लाभ और साइबर सुरक्षा से जुड़ी सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिविर के अनुभवों को दैनिक जीवन में अपनाकर ही व्यक्तित्व का विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व उपसरपंच ओम प्रकाश हरदहा, शिक्षक कृष्ण कुमार पटेल, विपिन श्रीवास सहित विद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर में स्वयंसेवक श्रमदान, वृक्षारोपण, योग और महिला सशक्तिकरण जैसे विभिन्न सामाजिक अभियानों के माध्यम से सामुदायिक सेवा का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।



# पायली बाहुर में गूंजा नशामुक्त गांव का संकल्प

खबर देने वाले को मिलेगा दो हजार का नकद इनाम



**निवास।** आदिवासी बाहुल्य जिला के निवास ब्लाक की ग्राम पंचायत पायली बाहुर के ग्राम बाहुर में पेसा एक्ट के तहत एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस ग्राम सभा में ग्रामीणों ने एकजुट होकर गांव को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए कड़े सामाजिक नियमों को लागू करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया है।

जानकारी अनुसार ग्राम बाहुर में आयोजित यह विशेष ग्राम सभा शांति एवं विवाद निवारण समिति के अध्यक्ष मदन सिंह वरकड़े की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद सिंह परस्ते मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण पुरुषों के साथ-साथ मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रही।

### नारी शक्ति ने उठाई आवाज, तय हुआ कड़ा दंड

बताया गया कि ग्राम बाहुर की महिलाओं ने गांव में बढ़ती नशे की लत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पूर्ण शराबबंदी का पुरजोर आह्वान किया। महिलाओं के इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए ग्राम सभा ने दंड का प्रावधान तय किया है। जिसमें कहां गया है कि यदि कोई व्यक्ति गांव में अवैध शराब बनाते हुए पकड़ा जाता है, तो समाज द्वारा उस पर 10 हजार रुपए का आर्थिक जुर्माना लगाया जाएगा। शराब खरीदने या पीकर उत्पात मचाने वाले व्यक्ति को 5 हजार रुपए जुर्माना भरना होगा। इसके साथ ही नशाखोरी की सटीक जानकारी देने वाले सजग नागरिक को समाज की ओर से 2 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

शराबबंदी के इस निर्णय के पीछे मुख्य कारण गिरता हुआ शिक्षा का स्तर और युवाओं का गलत दिशा में भटकना है। ग्रामीणों का मानना है कि शराब के कारण न केवल आर्थिक स्थिति खराब हो रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी अंधकारमय हो रहा है।

### सहयोग की अपील

सरपंच विनोद सिंह परस्ते और समिति अध्यक्ष मदन सिंह वरकड़े ने सभी ग्रामवासियों से इस मुहिम में ईमानदारी से सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसी को परेशान करने के लिए नहीं, बल्कि गांव में शांति, सुरक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्मित करने के लिए लिया गया है। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद अब बाहुर गांव क्षेत्र में सामाजिक सुधार के एक मॉडल के रूप में उभर रहा है।

# अज्ञात वाहन ने रौंदा युवक की हुई मौत

**जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत समद पिपरिया के पास रविवार दोपहर अज्ञात वाहन चालक ने मोटर सायकिल सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आ गई जिसे तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के मुताबिक श्रीमती राजकुमारी बर्मन 30 वर्ष निवासी ग्राम खिरैनी तना बरगी ने सूचना दी कि रविवार को उसका भाई मिथुन बर्मन 25 वर्ष काम करने के लिये गॉव के दिनेश बर्मन के साथ अपनी मोटर सायकिल से बिलहरी के लिये निकला था। दोपहर 12-30 बजे भाई मिथुन का समद पिपरिया के पास एक्सिडेंट हो गया अज्ञात वाहन की टक्कर से मिथुन को चोटें आ गई जिसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गये, सड़क दुर्घटना में आयी चोटो के कारण मिथुन की मौत हो गई । पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने तोड़ा दम

तिलवारा थाना अंतर्गत सत्य रक्षा होटल के सामने हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की रविवार सुबह इलाज के दौरान मेडिकल में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहपुरा थाना क्षेत्र के झांसीघाट निवासी मधोकी मल्लाह 42 वर्षीय बीते 14 मार्च को अपनी मोपेड क्रमांक एमपी 20 एस एस 0713 से सब्जी बेचने जबलपुर आया था। रात करीब 11 बजे जब वह वापस अपने घर लौट रहा था, तभी सत्य रक्षा होटल के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घायल मधोकी मल्लाह को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले 8 दिनों से उनका उपचार चल रहा था, लेकिन रविवार सुबह करीब 7 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस द्वारा दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

माननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड
द्वारा निष्पादित

ASPIRE

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री

एस्पायर सिलिकॉन सिटी
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
- मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 4 बी.एच. के. और विशाल डुप्लेक्स अपार्टमेंट
- स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 25 मिनट







एस्पायर लेज़र पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

एन बी सी सी NBCC नवरत्न सीपीएसई

एस्पायर लेज़र वैली
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 35 मिनट







एस्पायर सेंचुरियन पार्क
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
- मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच. के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
- डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 27.03.2026

ई-नीलामी 28.03.2026 को आयोजित की जाएगी

ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक

6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यू आर स्कैन करें::

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें: www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या : 9772907414